आमोखस व मिडिया की खबरों व प्रथम समाचार पत्र

RNI No. UPHIN/2012/47484



# जननायक सम्राट




बर्ष :13 अंक :377 पृष्ठ -5 दिनांक 20 जनवरी 2025 दिन सोमवार

## यूपी.प्रदेश के बिजलीकर्मियों को बड़ा झटका देने की तैयारी

## बिजली मीटर हुआ अनिवार्य प्रभावित होंगे लाखों लोग

उत्तरप्रदेश के बिजली कार्मिकों एवं पेंशनर्स पर शिकंजा कसने की तैयारी है। अब इन्हें मीटर लगाना अनिवार्य होगा। इस फैसले से लाखों लोग प्रभावित होंगे। प्रदेश के बिजली कार्मिकों एवं पेंशनर्स पर शिकंजा कसने की तैयारी है। अब इन्हें मीटर लगाना अनिवार्य होगा। मीटर नहीं लगाने पर टैरिफ प्लान में तय औसत 400 यूनिट के बजाय 800 यूनिट का प्रतिमाह अधिकतम दर पर भुगतान करना होगा। टैरिफ तय करने संबंधित नए मानकों में इसका स्पष्ट प्रावधान किया गया है। इसकी जानकारी मिलते ही बिजली का. र्मिकों में खलबली मची है। यह प्रावधान लागू हुआ तो करीब एक लाख से अधिक बिजली कर्मी, अभियंता व सेवा. निवृत्त कार्मिक प्रभावित होंगे। नए प्रावधान को निजीकरण से भी जोड़कर देखा जा रहा है।प्रदेश में पावर कार्पोरेशन एवं विभिन्न निगमों में करीब 73522 कार्मिक के पद हैं। करीब 28 हजार से अधिक पेंशनर्स हैं। अभी तक अवर अभियंता को प्रति माह 888 रुपये एवं एसी लगाने पर प्रति एसी 500 रुपया अतिरिक्त भुगतान करना पड़ता है। अब नियामक आयोग की ओर से टैरिफ निर्धारण के लिए नए मानक (मल्टी ईयर टैरिफ रेगुलेशन) का मसौदा जारी किया गया है। इसमें स्पष्ट है कि सभी का. र्मिकों एवं पेंशनर्स को 31 दिसंबर 2025



तक मीटर लगाना अनिवार्य होगा। टैरिफ प्लान में मीटर नहीं लगाने पर औसतन प्रति उपभोक्ता 400 यूनिट बिजली खर्च माना जाता है। नए प्रस्ताव में यह प्रावधान है कि 31 दिसंबर 2025 तक मीटर नहीं लगने पर औसत यूनिट दोगुनी मानते हुए संबंधित कार्मिक से एलएमवी 1 श्रेणी के अधिकतम दर से वसूली की जाएगी।अभी अवर अभियंता को प्रति माह 888, सहायक अभियंता को 1092, अधीक्षण अभियंता को 1626, मुख्य अभियंता को 1836 रुपये, लिपिक को 540 और चतुर्थ श्रेणी को 444 रुपया प्रति माह भुगतान करना होता है। एसी लगाने पर प्रति एसी पांच सौ रुपया अतिरिक्त भुगतान करना पड़ता है।1400 की जगह 5000 रुपये करना होगा

भुगताननए प्रावधान को मंजूरी मिली तो अवर अभियंता (जेई) को एक एसी लगाने पर करीब 1400 की जगह पांच हजार रुपये तक का भुगतान करना होगा। अभी औसत यूनिट 400 मानी जाती है। मानकों के तहत इसे दोगुना माने जाने पर हर कार्मिक और पेंशनर्स को 800 यूनिट की दर से अधिकतम यानी औसतन 6.50 रुपया प्रति यूनिट की दर से भुगतान करना होगा। इस तरह अभी तक बिजली कार्मिक जहां करीब 1400 रुपया भुगतान करते थे, उन्हें करीब 5000 रुपया भुगतान करना होगा। इसी तरह अन्य कार्मिकों को भी भुगतान करना होगा।निजी घरानों के दवाब में मसौदा तैयार करने का आरोप ऊर्जा संगठनों का आरोप है कि नया मसौदा निजी घरानों के दवाब में तैयार किया गया है। अभी तक निगमों का संचालन खुद संबंधित अधिकारी एवं का. र्मिक करते रहे हैं। यही वजह है कि तमाम प्रयास के बाद भी अभी तक अभियंताओं एवं कार्मिकों के साथ ही पेंशनर्स के यहां भी बिजली मीटर नहीं लग पाए हैं। भविष्य में निजीकरण होने जा रहा है। ऐसे में कार्मिकों के यहां बिल वसूली में किसी तरह का अडंगा न आए, इसे ध्यान में रखते हुए नया मसौदा तैयार किया गया है। ऊर्जा संगठनों ने यह भी कहना है कि नियामक आयोग को अपनी संवैधानिकता का ध्यान रखना चाहिए और निजी घरानों का दवाब नहीं मानना चाहिए।कब– कब हुआ मीटर लगाने का प्रयास– विद्युत अधिनियम 2003 में बिना मीटर कनेक्शन देने का प्रावधान नहीं है। ऐसे में नियामक आयोग और कार्पोरेशन की ओर से आए दिन मीटर लगाने का आदेश दिया जाता है, लेकिन मीटर नहीं लग पाता है।—– हर वर्ष टैरिफ प्लान जारी होने से पहले भी नियामक आयोग की ओर से मीटर लगाने का आदेश दिया जाता है।– आठ अगस्त 2024 को पावर कार्पोरेशन के अध्यक्ष डा. आशीष कुमार गोयल ने
निर्देश दिया कि बिजली कर्मियों एवं अन्य सरकारी कार्यालयों में अनिवार्य रूप से स्मार्ट मीटर लगाया जए।

## रेप केस में FIR होने पर कांग्रेस सांसद राकेश राठौर बोले– छवि को धूमिल करने की साजिश की



उत्तर प्रदेश के सीतापुर जिले में पुलिस ने शादी और राजनीति के जरिये लाभ दिलवाने का झांसा देकर एक महिला से कथित तौर पर दुष्कर्म करने के लिए स्थानीय कांग्रेस सांसद राकेश राठौर के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की. वहीं रेप केस में एफआईआर दर्ज होने के बाद कांग्रेस सांसद राकेश राठौर की प्रतिक्रिया आई है. उन्होंने इसे छवि धूमिल करने के लिए साजिश करार दिया है.कांग्रेस सांसद ने इस मामले में कहा, श्सभी क्षेत्र वासियों को सादर नमस्कार. आज दिनांक 18 जनवरी, 2025 को सीतापुर सांसद श्री राकेश राठौर जी को उल्लिखित करते हुए एक प्रेस नोट सीतापुर प्रशासन द्वारा प्रकाशित किया गया जिसमें उनके ऊपर अनेक धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है. बताते चलें कि राजनैतिक षडयंत्र के तहत सांसद जी की छवि को धूमिल करने की साजिश की गई है.श्उन्होंने कहा कि सभी लोगों से निवेदन है कि संयम बनाए रखें. ये प्रतिक्रिया उन्होंने फेसबुक के जरिए दी है. अधिकारी ने बताया कि महिला की शिकायत पर रा. ठौर के खिलाफ शुक्रवार को भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 64 (दुष्कर्म), 351(3) (आपराधिक धमकी देकर मनमानी करना), 127(2) (किसी व्यक्ति को गलत तरीके से प्रतिबंधित करना) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गयी. कांग्रेस सांसद राकेश राठौर के खिलाफ अजय राय ने उच्चस्तरीय न्यायिक जांच की मांग कीक्या बोले एसपीपुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्रा ने संवाददाताओं को बताया कि 15 जनवरी को दी गई शिकायत के आधार पर शहर कोतवाली थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई. उन्होंने बताया कि प्राथमिकी दर्ज करने के बाद पुलिस ने महिला का मेडिकल कराया और मजिस्ट्रेट के सामने उसका बयान दर्ज करावाया गया. अधिकारी ने बताया कि महिला ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि सीतापुर से कांग्रेस सांसद राकेश राठौर ने उसके साथ कई बार दुष्कर्म किया.शिकायतकर्ता ने कहा कि राठौर पिछले चार वर्ष से उससे शादी करने और राजनीति के जरिये लाभ पहुंचाने का झांसा देकर उसका यौन शोषण कर रहे थे. पीड़िता ने अपने आरोप के समर्थन में पुलिस को कॉल डिटेल और कॉल रिकॉर्डिंग भी मुहैया कराई है. अधिकारी ने बताया कि संबंधित मामले में साक्ष्य जुटाकर कानूनी कार्रवाई की जाएगी. उन्होंने बताया कि महिला को पर्याप्त सुरक्षा मुहैया कराई गई है.

## रिंकू सिंह के साथ सपा सांसद प्रिया सरोज की सगाई और शादी?



भारतीय क्रिकेटर रिंकू सिंह और सपा सांसद प्रिया सरोज दोनों जल्दी ही शादी के बंधन में बंधने वाले हैं. सोशल मीडिया पर दोनों की शादी को लेकर चर्चाएं तेजी से हो रही है और अब इस शादी से जुड़ी बड़ी जानकारी सामने आई है. प्रिया सरोज के पिता ने दोनों के रिश्तों पर मुहर लगाई और कहा कि दोनों परिवारों को ये रिश्ता मंजूर है. जल्द ही दोनों की सगाई होगी. मिडिया ने फोन पर जब इस बारे में प्रिया सरोज के पिता और जौनपुर की केराकत सीट से विधायक तूफानी सरोज से बात की तो उन्होंने बताया कि रिंकू सिंह के परिवार से उनकी इस बारे में बात हुई है. दोनों परिवारों को ये रिश्ता मंजूर है. उनकी जोड़ी भी बहुत अच्छी हैं. जिसके बाद हमने उनके रिश्ते को मंजूरी दे दी है. दोनों परिवार को इस शादी को लेकर कोई आपत्ति नहीं है. कब और कहां होगी रिंकू सिंह और प्रिया सरोज की शादी तूफानी सरोज ने न सिर्फ शादी की बात पर सहमति जताई है बल्कि उन्होंने ये भी साफ किया रिंकू सिंह और प्रिया सरोज की सगाई कब और कहां होगी. उन्होंने कहा कि जल्द ही बजट सत्र शुरू होने वाला है. ऐसे में प्रिया सरोज बिजी रहेंगी. बजट सत्र खत्म होने के बाद दोनों की सगाई और शादी की तारीखों को लेकर फैसला होगा. बजट सत्र खत्म होने के बाद उनकी सगाई होगी ये कार्यक्रम लखनऊ में होगा. सगाई के बाद शादी की सारी रस्में भी लखनऊ में ही होंगी. शादी के बाद दो जगहों पर रिसेप्शन होगा. एक रिसेप्शन जौनपुर से होगा जहां से प्रिया सरोज आती हैं और दूसरी रिसेप्शन अलीगढ़ से होगा. क्योंकि रिंकू सिंह अलीगढ़ के रहने वाले हैं. प्रिया सरोज के पिता ने क्रिकेटर रिंकू सिंह का तारीफ की और कहा कि वो बहुत अच्छे क्रिकेटर हैं. हम उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं. मेरी बेटी भी काफी पढ़ी लिखी है. बतौर सांसद वो अच्छा काम कर रही है, पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव भी उनकी तारीफ करते हैं.

## महाकुंभ से वापस आगरा लौंटी गौरी

आगरा की एक नाबालिक एक छात्रा प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ में पहुंची और साध्वी बनने की ठान ली. इसके लिए छात्रा ने भगवा कपड़े धारण कर लिए और संन्यास का ऐलान कर दिया. जब इसकी चर्चाएं होने लगी तो छात्रा को अखाड़ा में दीक्षा देने वाले महंत को अखाड़ा से निष्कासित कर दिया गया. आगरा की 15 वर्षीय गौरी जो प्रयागराज में जूना अखाड़ा में पहुंचकर साध्वी बन गई थी, वह अब अपने घर वापस लौट आई है. गौरी परिवार के साथ बैठी है पर बाते साध्वी बनने की ही कर रही है. गौरी की घर वापसी तो हुई है लेकिन छात्रा की वेशभूषा भगवामय नजर आ रही. छात्रा गौरी ने कहा है कि, वह हमेशा इसी रूप में रहेंगी. बचपन से ही यही रूप अच्छा लगता है. आगरा के गांव टरकपुरा की गौरी जूना अखाड़े की दीक्षा लेकर साध्वी बन गई थी, वहीं 15 वर्षीय की नाबालिग को साध्वी बनाकर दान के रूप में प्राप्त करने वाले जूना अखाड़े के महंत कौशल गिरि को अखाड़े से निष्कासित कर दिया गया. नाबालिक छात्रा के साध्वी बनने के बाद काफी चर्चाएं हुई थीं. अभी गौरी महाकुंभ प्रयागराज से अपने घर आगरा वापस आ गई है और अभी भी गौरी साध्वी के रूप में रह रही है.साध्वी बनने से रोका तो गंगा कूदकर दे दूंगी जान– गौरी
गौरी का कहना है कि अभी भी वह साध्वी के रूप में रहेंगी और गुरुकुल में पढ़ाई कर बालिग होने पर फिर से अखाड़े में वापस जाएंगी. गौरी ने कहा कि मैने अपने परिजनों से कहा था कि मुझे साध्वी बनना है, अगर मुझे साध्वी बनने से रोक जायेगा तो श्गंगा में कूद जाऊंगीश, अगर साध्वी नहीं बनी तो गंगा में कूद कर जान दे दूंगी. महाकुंभ प्रयागराज में जूना अखाड़ा में महंत भी नाबालिक संत बन सकते है तो मेरे साध्वी बनने पर इतनी बाते क्यों हो रही है . गौरी को जानने वाले बताते है कि बचपन से ही गौरी पूजा पाठ में ही व्यस्त रहती हैं. गौरी को हमेशा धार्मिक बातें करते हुए ही देखा है. महाकुंभ से आगरा लौटी गौरी का कहना है कि जब हमारे गांव में श्रीमद् भागवत कथा हुई थी, उसी समय से मेरे मन यही था कि मुझे भी इसी तरह से जीवन जीना है. में भी साध्वी बनना चाहती हूं, उनकी कोई गलती नहीं है, में अब गुरुकुल में रहकर पढ़ाई करूंगी और जब बड़ी हो जाएंगी तो फिर वापस अखाड़ा जाऊंगी, अब हमेशा भगवा कपड़े ही पहनूंगी और इसी तरह का जीवन बिताना है.

## गंगा किनारे स्वामी ओंकारानंद सरस्वती का हैरान कर देने वाला हठयोग, जानिए वजह

महाकुंभ में आए भक्तों को अलग–अलग साधु संत महात्मा, सन्यासी, योगी, हठयोगी के दर्शन मिल रहे हैं. कोई हठयोगी अपना हाथ उठाए हैं, तो कोई हठयोग में लगातार खड़े हैं, किसी ने हठयोग में न बैठने की कसम खाई हुई है. वहीं एक ऐसे हठयोगी भी हमें मिले जो मां गंगा के तट पर हठयोग करते हैं. मां गंगा से आशीर्वाद के लिए हठयोग करते हैं. बाबा का नाम स्वामी ओंकारानंद सरस्वती है.स्वामी ओंक. ारानंद सरस्वती ने कहा जैसे जब किसी बालक को खिलौना नहीं मिलता तो वो हठयोग करता है, वैसे हम अपनी साधना के लिए हठयोग करते हैं. गंगा मैया के पास 12 साल बाद आए हैं तो मैया के सामने आशीर्वाद के लिए हठयोग करते है. उन्होंने कहा मां तो दयालु है. मां जब बालक को गोद में ले लेती हैं तो बच्चा शांत हो जाता है, वैसे ही हम हठ करते हैं मैया तो हमें सब देती है और खूब देती है.



उन्होंने कहा जैसे ध्रुव महाराज की माँ को श्राप मिलने पर उन्होंने 5 साल की उम्र में घोर तप किया था. तब भगवान विष्णु वहां पहुंचे और उनको आशीर्वाद दिया कि उनकी मां श्राप से मुक्त हो जाएगी है और फिर वो आकाश के अंदर जाकर ध्रुव तारा बन के चमकेंगे. उन्होंने आशीर्वाद दिया था कि जो भी उनका दर्शन करेगा उसको धन कीर्ति मिलेगी और उसका सम्मान बढ़ेगा और जो तेरा दर्शन करेगा उनका धन, कीर्ति, यश और सम्मान बढ़ेगा और भक्तिमय जीवन होगा. उन्होंने कहा वो हठयोग इसलिए कर रहे हैं कि मां गंगा सबको सद्बुद्धि दे. सभी में अच्छा विचार बने और विश्व का कल्याण हो.महाकुंभ में ऐसे कई बाबा है, जो किसी लक्ष्य की प्राप्ति के लिए हठयोग कर रहे हैं. महाकुंभ में अध्यात्म का ये अलौकिक नजारा देखकर हर कोई अचंभित है. विज्ञान ने भी बाबा के इन चमत्कारों के आगे घुटने टेक दिए हैं. 144 वर्षों बाद लगे इस महाकुंभ में लोगों को पवित्रता का एहसास हो रहा है. लोग शाही स्नान वाले दिन के अलावा बाकी दिनों में भी स्नान के लिए पहुंच रहे हैं.

# अलीगढ़ ट्रिपल मर्डर केस दरिंदगी की इंतहा.

## बाप के पैरों में लिपट गया था सात साल का मासूमय फिर भी न पसीजा दिल

अलीगढ़ के मेलरोज बाईपास की केवल विहार कॉलोनी के जिस मकान के आ. सपास 12 जुलाई 2014 की दोपहर ढाई बजे सब कुछ सामान्य था। अचानक जिस मकान में फौजी किराये पर रहता था, उससे रुक–रुककर फायरिंग और चीख पुकार की आवाजें आने लगीं। अंदर के खौफनाक मंजर से सब अंजान और हैरान थे। सात साल का मासूम बेटा बाप के पैरों में लिपटा था, लेकिन उसके सिर पर खून सवार था। उसने बच्चे को भी मार डाला। वारदात के बाद पकड़े जाने पर फौजी मनोज और घायल बेटी उस्मिता ने जो कुछ बताया उसे सुनकर लोगों के पैरों तले जमीन खिसक गई। उस्मिता ने बताया कि जब झगड़े के बीच पिता ने मां की हत्या कर दी तो सात वर्ष का मासूम पिता के पैरों में लिपट गया। लेकिन, उन्होंने मासूम की मिन्नत को भुलाकर उसे भी गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया। बाद में पड़ोसन की हत्या की और फिर बेटी को गोली मारकर भाग गया। हालांकि, भीड़ ने दबोच लिया।थर्राए थे पड़ोसी, मौके पर मिले थे पंद्रह खोखा–कारत. ूसइस वारदात के दौरान रुक रुककर फायरिंग से आसपास के पड़ोसी भी थर्रा गए थे। जब पुलिस मौके पर आई और फील्ड यूनिट ने जांच शुरू की तो बेड पर सीमा की लाश पड़ी थी। कमरे की देहरी पर पड़ोसन शशिबाला मृत पड़ी थी, जबकि कमरे के अंदर ही बेटा मृत पड़ा था। तीनों के सिर, कनपटी व गर्दन के हिस्सों में गोली लगने के निशान थे। मौके पर एक कोने में रायफल मिली थी। रिवाल्वर जमीन पर पड़ी थी। साथ में पंद्रह खोखा–कारतूस पड़े मिले थे।ऐसे उजड़े थे दो परिवारमूल रूप से बुलंदशहर कोतवाली देहात के हरतौली के मनोज की शादी लोधा के बरौठ छजमल के विजयपाल सिंह की बेटी सीमा संग 1998 में हुई थी। मनोज के गांव में उसके पिता राजेंद्र पाल सिंह व किसान भाई यशपाल सिंह भी रहते हैं। शादी के बाद दोनों बच्चे हुए। सीमा ने मायके में झगड़े होने की शिकायत की। उसके बाद अपने मायके में आकर रहने लगी। 2011 में सेवानिवृत्त होने के बाद दंपती में सहमति बनी और वह केवल विहार में चौराहे के पास अपने बहनोई के मकान में परिवार को लेकर किराये पर रहने लगा।बहनोई परिवार सहित गाजियाबाद में रहते हैं। बेटी ब्लूबर्ड स्कूल में तो बेटा ओएलएफ में तीसरी कक्षा में पढ़ता था। इसी मकान में खैर के गांव मऊ निवासी केपी सिंह अपनी पत्नी शशिबाला संग किराये पर रहते थे। शशिबाला पहले से पांच वर्ष के बेटे निशांत की मां थी, जबकि हत्या से तीन माह पहले भी उसने एक बेटे को जन्म दिया था। जिनके सिर से मां का साया इस घटना में छिना था शराब पीकर पत्नी और बच्चों को पीटता थाघटना की प्रमुख चश्मदीद गवाह घायल बेटी उस्मिता ने अदालत में जो बयान दिया, उस पर गौर करें तो घटना के समय उसकी उम्र 14 वर्ष थी। वह जीटी रोड के ब्लूबर्ड स्कूल में सातवीं की छात्रा थी। घटना वाले दिन वह दो बजे स्कूल की छुट्टी होने के बाद सवा दो बजे करीब घर आई तो मां–पापा में झगड़ा हो रहा था। इसी दौरान उसके पिता ने अलमीरा से अपनी लाइसेंसी रिवाल्वर व रायफल निकालकर पहले मां की गर्दन



व पीठ पर गोली मारकर हत्या की। फायर की आवाज सुन पड़ोस में रहने वाली किरायेदार आंटी शशिबाला बचाने आईं तो उनकी भी सिर में गोली मारकर हत्या कर दी। इसी बीच दूसरे कमरे में खेल रहा छोटा भाई मानवेंद्र आकर पापा के पैरों में लिपटा तो उसके भी सिर में गोली मारकर हत्या कर दी। फिर वह घर से बाहर बचने के लिए भागी तो उसे भी गोली मार दी, जिससे वह घायल होकर वहीं नल के पास गिर पड़ी। इसके बाद पापा हथियारों को लेकर भागे तो उन्हें भीड़ ने पकड़ लिया। क्रास पूछताछ में बच्ची ने स्वीक. ारा कि पापा आए दिन शराब पीकर आते थे और मां से झगड़ा करते थे। मां के साथ हम दोनों बच्चों को भी पीटते थ. े।डिप्रेशन में था मनोज, पत्नी ने इलाज के लिए कहा तो कर दी हत्या वारदात के बाद जब पुलिस फौजी को पकड़कर थाने ले गई और पूछताछ की गई तो उसने अपने बयान में बताया कि वह एक ऐसी बीमारी से ग्रसित है, जिसमें वह खुद को खतरा महसूस करता है। उसे लगता है कि उसे व उसके परिवार को आने वाले समय में कोई नुकसान होगा। इस पर उसकी पत्नी जिद करती थी कि तुम डिप्रेशन में हो, इसका इलाज कराओ। सेना से सेवानिवृत्त होने के बाद वह मेरठ में एक प्रकाशन कंपनी में बतौर गार्ड नौकरी करता था। घटना से तीन दिन पहले भी वह छुट्टी लेकर आया तो उसकी पत्नी ने उपचार का दबाव बनाया। बस इसी बात पर कलह शुरू हुई थी।वह अपनी रिवाल्वर लेकर खुद आत्महत्या करने के लिए बाथरूम में बंद हो गया। पत्नी ने उसे बाहर निकाल लिया तो गुस्से में उसने पहले पत्नी को बेड के सहारे खड़े होते ही गोली मारी। पहली गोली में वह बची तो दूसरी गोली मारी। फिर किरायेदार पड़ोसन, बेटा व बेटी को गोली मारी। यह करने पर उसने यही सोचा था कि अगर वह मर गया तो इनका जीवन कैसे चलेगा? इसके बाद वह खुद अपनी जान देने के लिए भागा। मगर भीड़ ने पकड़ लिया।आज तक पिता से मिलने नहीं गई बेटइस वारदात का सबसे बड़ा सदमा अगर किसी को है तो वह है उस्मिता। वह अपने जन्म देने वाले पिता से किस कदर नफरत करती है, इस बात का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि आज तक भाई व मां के कातिल पिता से मिलने जाना तो दूर, उसका जिक्र तक नहीं किया। हां, मां व भाई को जब तब याद कर परेशान हो लेती है। हालांकि अब 23 वर्ष की हो चुकी उस्मिता ने एमबीए करने के बाद बीएड में दाखिला ले लिया है। वारदात के बाद से लेकर अब तक का जीवन ननिहाल में मामा दिलीप सिंह के घर बीत रहा है। वही उसके अभिभावक हैं। फैसले को लेकर उससे बात करने का प्रयास किया गया। मगर परिजनों ने भावनात्मक कारणों से बात कराने से इंकार कर दिया। बता दें कि जब वह अस्पताल में भरती थी और गोली लगने से जबड़े में आई चोट का ऑपरेशन हुआ, तब करीब एक माह बाद छुट्टी मिलने पर जब घर ले जाया गया। तब भी उसने पिता से मुलाकात के लिए इंकार कर दिया था।फैसले पर मामा ने जताई खुशी, परिवार में खामोशीइस फैसले को लेकर जब वादी मुकदमा उस्मिता के मामा दिलीप सिंह से उनके साईं विहार सारसौल बन्नादेवी आवास पर बात हुई तो वे खुश नजर आए। कहा कि बहन व भांजे को वापस तो नहीं ला सकते। मगर अदालत ने जो फैसला सुनाया है, वह स्वागत योग्य है और न्यायाधीश बधाई के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि वे मुकदमे की पैरवी करते रहे।मां इस घटना के बाद बीमार हो गईं। बहन की बेटी यानि भांजी को अपनी बेटी की तरह पालकर बड़ा किया है। कई मौकों पर मुकदमे में समझौते के प्रस्ताव आए। मगर उन्होंने हमेशा प्रस्ताव ठुकरा दिए। उनके पास एक बेटा है। अब जरूरत हुई तो हाईकोर्ट  भी जाएंगे। हां, शनिवार को कुछ व्यस्तताओं के चलते अदालत नहीं पहुंच पाए थे।

### सफलतापूर्वक संपन्न हुआ हैंड्स फॉर हैल्प सामाजिक संस्था का 17वां रक्तदान शिविर व सदस्य सम्मान समारोह




आज दिनाँक 19 जनवरी दिन रविवार को शहर की प्रमुख सामाजिक संस्था हैंड्स फॉर हैल्प का 17वाँ वार्षिक रक्तदान शिविर व सदस्य सम्मान समारोह रघुवीर पुरी स्थित श्री राम धर्मशाला में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। मीडिया प्रभारी विशाल मर्चेंट के अनुसार रक्तदान शिविर में जिला मलखानसिंह व मेडिकल कॉलेज (श्रछडब्) दोनों की ब्लड बैंक टीम ने रक्त एकत्रित किया। शिविर में कड़ाके की ठंड और घने कोहरे के बावजूद लोगों में रक्तदान के प्रति अविश्वसनीय उत्साह देखा गया। इस ऐतिहासिक शिविर में लगभग 219 यूनिट्स रक्त एकत्रित किया गया। शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि डॉ आजम हसीन साहब (भ्व्क ब्जअे क्मचजज. श्रछडब्) ने किया। इधर आर.पी.एफ इंस्पे. क्टर अमित कुमार सिंह व सब इंस्पेक. टरअनिल सिंह ने अपनी पूरी टीम के साथ रक्तदान कर अपनी विशेष उप. स्थिति दर्ज कराई। शिविर की विशेष बात रही कि इस बार महिलाओं ने भी रक्तदान में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। अन्य विशिष्ट अतिथियों ने भी शिविर में आकर रक्तदान कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। संस्था ने इस वर्ष संस्था की रीढ़ की हड्डी यानी संस्था के सदस्य व सहयोगियों का सम्मान भी किया। संस्था ने उनकी समाज सेवा की भावना व संस्था को अपने सहयोग से सफलता के शिखर पर पहुँचाने के लिए आभार जताया व उनका उत्साहवर्धन भी किया। इसके अलावा संस्था सदस्यों ने सुबह से लेकर शिविर के समापन तक व्यवस्थाओं की कमान संभाले रखी। संस्था ने रक्तदानियों के लिए चाय आदि की भी व्यवस्था की

## 40 करोड़ की लागत के सड़क निर्माण कार्यों में 7 से 8 लेबर देख भड़के नगर आयुक्त–निर्माण एजेंसी कोनार्क कंस्ट्रक्शन को लगाई जमकर क्लास

उत्तर प्रदेश शासन की नगरों में विकास की सर्वोच्च प्राथमिकता की योजना मुख्यमंत्री–ग्रीन रोड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट स्कीम(अर्बन) (सी.एम. ग्रिड्स)योजनान्तर्गत अलीगढ़ नगर निगम द्वारा पैकेज वन के अंतर्गत रमेश विहार स्वर्ण जयंती नगर, रामघाट रोड से मीनाक्षी पुल व मैरिस रोड से केला नगर तक मैसर्स कोनार्क कंस्ट्रक्शन द्वारा बनायी जा रही सड़क व नाला निर्माण का नगर आयुक्त ने निरीक्षण करते हुए 40 करोड़ की लागत के निर्माण कार्यो में मौके पर निरीक्षण में आठ लेबर कर्मचारी मिलने पर नाराजगी जताते हुए निर्माण एजेंसी को तत्काल नोटिस देने के निर्देश दिए हैं। यह वही निर्माण एजेंसी है जिस पर पिछले दिनों दोयम दर्जे व मानक के विपरीत ईंटो का नाला निर्माण में इस्तेमाल करने पर नगर आयुक्त में दो लाख का जुर्माना लगाया था सी०एम० ग्रिड्स परियोजनाओं के सतत एवं सघन मॉनीटरिंग हेतु शासन के आदेश पर नगर आयुक्त की अध्यक्षता गठित समिति ने रविवार को पैकेज वन के अंतर्गत शामिल 3 सड़को का स्थलीय निरीक्षण करते हुए मानक, निर्माण सामग्री गुणवत्ता का भौतिक सत्यापन किया। नगर आयुक्त विनोद कुमार संग अपर नगर आयुक्त राकेश कुमार यादव मुख्य अभियंता सुरेश चंद, संजीव कुमार पुष्कर अधि.अभि.लो. नि. वि., ऋतुराज सिंह सहायक अभियंता(लो. नि. वि.)अशोक कुमार अधि.अभि.अलीगढ विकास प्राधिकरण बिजेंद्र कुमार पाल अधिशासी अभियंता नगर निगम के साथ पैकेज–1 की सड़कों का निरीक्षण किया।पैकेज–1 में शामिल 3 सड़केंध्लागतध्लंबाईपैकेज 1 अंतर्गत लगभग 14 करोड़ 40 लाख .92 हजार की लागत से वार्ड 32 व 82 में स्वर्ण जयंती नगर चौराहे से रमेश विहार रोड लगभग 1.58 मीटर लंबी सड़क निर्माण।पैकेज 1 अंतर्गत लगभग 8 करोड़ 96 लाख की लागत से वार्ड 49 बेगपुर मैरिस रोड से केला नगर तक 0. 72 किलोमीटर सड़क निर्माण।पैकेज 1 अंतर्गत लगभग 17 करोड़ 47 लाख की लागत से वार्ड 33, 49, 53, 74, 82 में रामघाट रोड पर मीनाक्षी पुल से रामघाट रोड क्वार्सी थाने तक सड़क नाला, फुटपाथ निर्माण।सी.एम. ग्रिड्स स्वर्ण जयंती नगर सड़क निर्माणसबसे पहले नगर आयुक्त विनोद कुमार ने पैकेज 1 अंतर्गत लगभग 14 करोड़ 40 लाख 92 हजार की लागत से वार्ड 32 व 82 में स्वर्ण जयंती नगर चौराहे से रमेश विहार रोड लगभग 1.58 मीटर लंबी सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण किया. नगर आयुक्त ने सड़क निर्माण में इस्तेमाल होने वाले स्टोन ब्लास्ट(छोटी छोटी गिट्टी) को चेक किया स्टोन ब्लास्ट के मानक गुणवत्ता की जांच के लिए लैब में टेस्टिंग कराई जाने के निर्देश दिए। नगर आयुक्त ने स्टोन ब्लास्ट को एएमयू आईआईटी रुड़की, बीएचयू में चेक कराए जाने के निर्देश दिए। साथ ही साथ नगर आयुक्त ने इस सड़क के दोनों ओर अवैध अतिक्रमण को हटाए जाने के भी निर्देश दिए।सी.एम. ग्रिड्स रामघाट रोड सड़क नाला निर्माणपैकेज 1 अंतर्गत लगभग 17 करोड़ 47 लाख की लागत से वार्ड 33, 49, 53, 74, 82 में रामघाट रोड पर मीनाक्षी पुल से रामघाट रोड क्वार्सी थाने तक सड़क नाला, फुटपाथ निर्माण का निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय निर्माण एजेंसी कोनार्क द्वारा नाला निर्माण किया जाता हुआ मिला मौके पर नगर आयुक्त ने नाले की लंबाई चौड़ाई फीता डलवाकर चेक करवायी।निरीक्षण करने पहुंचे रामघाट रोड नाला निर्माण को देखते समय नाले के एक साइड में कई दिनों पुरानी सिल्ट निकली पड़ी थी जिससे नगर आयुक्त का पैर भी गंदा हो गया जबकि नाला निर्माण के समय निकलने वाली सिल्ट और कचरे को उठाने की जिम्मेदारी निर्माण एजेंसी की थी परंतु निर्माण एजेंसी ने इस कार्य में भी लापरवाही बरती।नगर आयुक्त ने नाला निर्माण में लगे प्लास्टर को उखड़वाकर इंजीनियरों से चेक करवाया प्लास्टर को उखड़वाने 12 एमएम के स्थान पर 10 एमएम का प्लास्टर नाले की रिटर्निंग वॉल पर किया हुआ मिला। तीन दिन प्लास्टर होने के बाद भी नाले की रिटर्निंग वॉल से ईंटे आसानी से उखड़ रही थी जिस पर नगर आयुक्त ने घटिया निर्माण सामग्री और मानक के विपरीत काम करने पर निर्माण एजेंसी के साइड इंजीनियर की जमकर क्लास लगाई। मौके पर नगर आयुक्त ने अधिशासी अभियंता बिजेंद्र कुमार पाल को भविष्य में निरीक्षण में निर्माण सामग्री के लिए गए सैंपल को सहेज कर रखने और उनकी टेस्टिंग सुनिश्चित कराये जाने के निर्देश दिए।

## पुलिस–एएनटीएफ ने दबोचे छह शातिर, 100 किलो गांजा बरामद, कार किराए पर लेकर करते थे तस्करी



अकराबाद पुलिस और एएनटीएफ आगरा ने गांजा तस्करी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। गिरोह के छह शातिर सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए आरोपियों से 100 किलो गांजा बरामद किया गया है। गिरोह के सदस्य एप से गाड़ियां किराए पर लेकर उनसे गांजे की तस्करी करते थेएएनटीएफ आगरा की सूचना पर अकराबाद पुलिस व एएनटीएफ टीम ने झारखण्ड से तस्करी का गांजा लेकर आ रही टाटा सफारी का पीछा किया। अकराबाद के प्रभारी निरीक्षक थाना अकरावाद अपनी टीम के साथ कीरतपुर टोल प्लाजा पर चौकिंग कर रहे थे। सफारी गाड़ी टॉल प्लाजा की तरफ आई और पुलिस टीम को देखकर यू टर्न लेकर तेजी से भाग निकली। गाड़ी की तलाश के लिए सर्च आपरेशन चलाया गया। शाम करीब 5. 30 बजे गाडी मानई के पास निर्माणाधीन पानी की टंकी की चाहरदीवारी के अंदर खड़ी मिली। जिसकी घेराबंदी कर गाड़ी में सवार तीन शातिरों को गिरफ्तार कर लिया गया। गाड़ी की तलाशी से 100 किलो अवैध गांजा बरामद हुआ, जिसे अभियुक्तगणराजेन्द्र निवासी गुमला झारखंड  व सोनू निवासी सिमडेगा झारखंड से खरीदकर लाए और अलीगढ़ में शुभम शर्मा, यशू , दीपक, भूरा व सपना को सप्लाई करना था। अभियुक्तगण पहले भी दो बार झारखंड से इन लोगों को सप्लाई कर चुक हैं। दबोचे गए शातिरों ने बताया कि गांजा तस्करी में जूम कार एप से गाड़िया ऑनलाइन किराये पर लेते थे। माधव सिंह पुत्र सुशील कुमार निवासी ग्राम लोधा थाना लोधा जनपद अलीगढ़ उम्र करीब 20 वर्ष नितीश प्रताप सिंह पुत्र विनोद कुमार निवासी ग्राम व थाना लोधा जनपद अलीगढ़ उम्र करीब 19 वर्ष सलमान पुत्र अजीज. उर्रहमान निवासी सांवरिया लाज देहलीगेट थाना देहलीगेट जनपद अलीगढ़ उम्र 48 वर्ष शुभम शर्मा पुत्र लोकेन्द्र शर्मा निवासी ग्राम अलीपुर थाना मडराक जनपद अलीगढ़ हाल पता त्रिमूर्तिनगर चांदमारी अलीगढ़दीपक कुमार पुत्र चौ0 चरण सिंह उर्फ हरवीर निवासी गीता विहार कालोनी थाना महुआखेडा अलीगढ़ भूरा पुत्र जवाहर लाल निवासी कस्बा व थाना मडराक अलीगढ़

### Aligarh News: एक मंडप, आठ जोड़े, पवित्र अग्नि के सात फेरे लेकर सात जन्म के लिए हुए एक–दूजे के




### टीकाराम डिग्री कॉलेज में सहकार भारती ने मनाया स्थापना दिवस, किया संगठन विस्तार




सहकार भारती ने टीकाराम डिग्री कॉलेज में स्थापना दिवस मनाया। साथ ही राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य डीएस वर्मा ने संगठन विस्तार की घोषणा की।



# हाथरस गेट क्षेत्र के इगलास रोड नगला सड़क बंबा स्थित गैस गोदाम पर एक युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई

# पुलिस शव का पोस्टमार्टम करवा लिया है और अब पूरी घटना की जांच में जुटी हुई है

हाथरस। हाथरस जिले के कोतवाली हा. थरस गेट क्षेत्र के इगलास रोड नगला सड़क बंबा स्थित गैस गोदाम पर एक युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक युवक की पहचान 22 वर्षीय विनीत कुमार के रूप में हुई है, जो मथुरा रोड का निवासी था। विनीत कुमार गैस गोदाम पर काम करता था और शुक्रवार को अपने एक दोस्त के जन्मदिन में शामिल होने के लिए घर से बाहर गया था। पार्टी के बाद वह गोदाम पर ही रुक गया था।शनिवार को जब विनीत को गोदाम पर अचेत हालत में पड़ा हुआ देखा गया, तो उसके साथी उसे तुरंत जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस खबर के बाद मृजिक के परिवार में कोहराम मच गया और परि. जनों ने युवक की मौत को संदिग्ध मानते हुए हत्या का आरोप लगाया। परिजनों का आरोप है कि विनीत की हत्या उसके दोस्तों ने की है और वह जानबूझकर उसे नुकसान पहुँचाने की कोशिश कर रहे थे। इस घटना के बाद



पुलिस तुरंत हरकत में आ गई और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है, ताकि हत्या की सच्चाई सामने आ सके।मृतक के भाई भोला कुमार ने आरोप लगाया है कि उनके भाई की हत्या की गई है और इस मामले की पूरी तरह से जांच की जाए वृत्त ने अपने पीछे एक–3 साल की बेटी और गर्भवती पत्नी को छोड़ दिया है जो इस घटना के बाद शोक में डूबे हुए हैं इस मामले में पुलिस शव का पोस्टमार्टम करवा लिया है और अब पूरी घटना की जांच की जा रही है को सादर योगेंद्र कृष्ण नारायण ने कहा की पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी पुलिस ने मामले की गंभीरता को समझते हुए जांच को प्राथमिकता दी है ताकि सच्चाई सामने आ सके और दूसरों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा सके परिजनों की भीड़ और स्थानीय लोगों के बीच इस मामले को लेकर वहां पर बनी हुई है मामले की पूरी जांच पुलिस कर रही है और जल्दी इस मामले को कोई ठोस निर्णय लिया जाएगा

## हाथरस के हसायन कोतवाली क्षेत्र के गांव नगरिया पट्टी देवरी में एक बड़ी घटना सामने आई

हाथरस के हसायन कोतवाली क्षेत्र के गांव नगरिया पट्टी देवरी में एक बड़ी घटना सामने आई। यहां मध्यरात्रि के समय कपड़े से भरी एक डीसीएम गाड़ी में अचानक आग लग गई। गाड़ी के मालिक शान मोहम्मद की डीसीएम उनके घर के पास खड़ी थी।आग लगने की सूचना मिलते ही गांव में अफरा–तफरी मच गई। ग्रामीणों ने तुरंत फायर स्टेशन को सूचित किया और खुद भी आग बुझाने का प्रयास करने लगे। मौके पर फायर ब्रिगेड की टीम और स्थानीय पुलिस तत्काल पहुंची। काफी मशक्कत के बाद दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया।पुलिस कर रही मामले की जांच पड़ताल...घटना में गाड़ी में लदा सारा कपड़ा जलकर राख हो गया, जिससे लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। वहीं, गाड़ी के मालिक शान मोहम्मद ने इस घटना को साजिश बताते हुए अज्ञात लोगों पर जानबूझकर आग लगाने का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## हाथरस में एक पति द्वारा दहेज की मांग पूरी न होने पर पत्नी पर किए गए जानलेवा हमले

हाथरस में एक पति द्वारा दहेज की मांग पूरी न होने पर पत्नी पर किए गए जानलेवा हमले के मामले में न्यायालय ने फैसला सुनाया है। अपर सत्र न्यायाधीश (एफटीसी प्रथम) माधवी सिंह की अदालत ने आरोपी पति हेमंत कुमार को 7 साल की कैद और अर्थदंड की सजा सुनाई है। मामला अप्रैल 2007 का है, जब सुरेंद्र कुमार दीक्षित ने अपनी बेटी विजय लक्ष्मी की शादी हेमंत से की थी। शादी में पिता ने अपनी क्षमता अनुसार दहेज दिया, लेकिन इसके बावजूद हेमंत और उसके परिवार वाले अतिरिक्त दहेज की मांग करते रहे। पीड़िता के साथ मारपीट की जाती और उसे वापस पिता के घर भेज दिया जाता था। 14 मार्च 2012 को स्थिति तब गंभीर हो गई जब आरोपियों ने दो लाख रुपए की मांग करते हुए पीड़िता के पिता को धमकी दी। जब पिता सासनी पहुंचे तो उन्हें अपनी बेटी थाना सासनी में गंभीर रूप से घायलअवस्था में मिली। पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई की।एडीजीसी मुकेश कुमार ने की पैरवी दन्यायालय ने पीड़िता की सास गायत्री देवी को भी धारा 498ए और दहेज प्रतिषेध अधिनियम के तहत दोषी पाया, लेकिन उन्हें 6 महीने के सदाचरण की परिवीक्षा पर रिहा कर दिया। मामले में एडीजीसी मुकेश कुमार ने अभियोजन पक्ष की पैरवी की। न्यायालय ने स्पष्ट किया कि अर्थदंड न चुकाने की स्थिति में आरोपी को अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

## हाथरस के मुरसान कोतवाली क्षेत्र के गांव गोजिया में एक पुराने मकान का कमरा अचानक भरभराकर गिर गया

हाथरस के मुरसान कोतवाली क्षेत्र के गांव गोजिया में एक पुराने मकान का कमरा अचानक भरभराकर गिर गया, जिसमें एक महिला और तीन बच्चे मलबे में दब गए।घटना धर्मेंद्र पुत्र लक्ष्मीनारायण के मकान में हुई, जिसमें उनकी पत्नी और बच्चे फंस गए। इन लोगों ने वहां शोर मचा दिया। हादसे के बाद मौके पर अफरा–तफरी मच गई और बड़ी संख्या में ग्रामीण मदद के लिए एकत्रित हो गए।लोगों ने चारों को मलबे से बाहर निकाला.स्थानीय लोगों ने तत्काल राहत और बचाव कार्य शुरू किया। गाटर और पत्थर हटाकर चारों लोगों को मलबे से बाहर निकाला गया। सूचना मिलते ही कोतवाली मुरसान पुलिस और सरकारी एंबुलेंसभी घायलों को तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां धर्मेंद्र की पत्नी की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। यह मकान काफी पुराना था। स्थानीय प्रशासन मामले की जांच कर रहा है और आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।पुलिस मौके पर पहुंच गई।

## सादाबाद में एक दर्दनाक सड़क हादसे में 24 वर्षीय युवक की मौत हो गई

सादाबाद में एक दर्दनाक सड़क हादसे में 24 वर्षीय युवक की मौत हो गई। हाथरस के मुरसान कोतवाली क्षेत्र के गांव खुटीपुरी निवासी अरुण लवानिया, जो एक पेट्रोल पंप पर सेल्समैन के रूप में कार्यरत था, उसकी ट्रैक्टर से टक्कर के बाद मौके पर ही मौत हो गई।आलू का एक बोरा लेने जा रहा थाघटना सादाबाद–आगरा रोड पर गुरसोटी के पास हुई, जब अरुण आलू का एक बोरा लेने जा रहा था। तभी ट्रैक्टर से टक्कर हो गई, दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों ने उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सादाबाद पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।परिवार का मुख्य कमाने वाला सदस्य था मृतक के पिता किशन लाल के अनुसार, अरुण अविवाहित था और परिवार का मुख्य कमाने वाला सदस्य था। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और ट्रैक्टर चालक के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।


## वाह रे सिंचाई विभाग 27 दिन में पांच दफा नहरें कटीं, 600 बीघा फसल बर्बाद, सारा दोष चूहों पर मढ़ा



हाथरस। नहर और रजबहा कटने सक किसानों की फसल बर्बाद हो रही हैं। सिंचाई विभाग इसका जिम्मेदार चूहे और सेही को मान रहा है। विभाग का कहना है कि किसान अपने खेतों तक पानी ले जाने के लिए कुलावे लगा लेते हैं। बाद में यहीं चूहे और सेही बिल बना लेते हैं। पहले हल्के हल्के पानी का रिसाव होता है और बाद में बड़ी मात्रा में पानी खेतों में घुस जाता है। कभी नहर कट जा रही है तो कभी रजबहा। इससे किसानों को भारी नुकसान हो रहा है। 20 नवंबर से 17 दिसंबर तक पांच बार नहरें कटीं जिससे 600 बीघा फसल जलमग्न होकर बर्बाद हो गई। सिंचाई विभाग का कहना है कि किसान अपने खेतों तक पानी ले जाने के लिए कुलावे लगा लेते हैं। बाद में यहीं चूहे और सेही बिल बना लेते हैं। पहले हल्के हल्के पानी का रिसाव होता है और बाद में बड़ी मात्रा में पानी खेतों में घुस जाता है। वहीं किसानों का कहना है कि नहर की पटरियों की विभाग मरम्मत नहीं कराता जिससे वह कमजोर होकर टूट जाती हैं और पानी खेतों में पहुंच जाता है। ब्रांच नहर से जिले के 25000 किसान फसलों की सिंचाई करते हैं। 1 लाख हेक्टेयर से भी अधिक भूमि की सिंचाई नहरों से होती है। होना तो यह चाहिए कि नहरों की तड़ीझाड़ सफाई हो। पटरियों की नियमित मरम्मत हो लेकिन सिंचाई विभाग के अधिकारी ध्यान नहीं देते हैं। पहले हल्का सा कट लगता है और फिर वही बड़ा आकार ले लेता है। जिससे नहर का पानी खेतों में चला जाता है। इस प्रकार के मामले आए दिन प्रकाश में आ रहे हैं।रजबहा की पटरी की कटने से हुई थी फसल बर्बादबीस नवंबर से लेकर 17 दिसंबर जिले में छह स्थानों पर नहर व रजबहा की पटरी की कट चुकी है। इस वजह से करीब 100 किसानों की छह सौ बीघा फसल जलमग्न होकर बर्बाद हो चुकी है। सहपऊ क्षेत्र में माइनरों के ओवरफ्लो होने की वजह से पानी खेतों में पहुंच गया था। कलवारी निवासी यदुवीर सिंह, राजू निवासी कैमार, तमना गढ़ी निवासी राजीव और जोगिया निवासी अमित पौरुष का कहना है कि सिंचाई विभाग नहरों की मरम्मत नहीं कराता है। जगह जगह से टूट जाती हैं। इससे किसानों की फसलें चौपट हो जाती हैं। किसानों को मुआवजा तक नहीं मिलता है। अलीगढ़ रोड स्थित गांव चिंतापुर पर कटी नहरी पटरीगांव अहवरनुपर व मुरसान के गांव उदयभान में नहर की पटरी कटने से करीब 400 बीघा आलू, गेहूं व सरसों की फसल बर्बाद हुई है। अफसरों का कहना है कि किसान अपने खेतों में सिंचाई के लिए पटरियों के नीचे छेद कर कुलावे लगाते हैं। इसके बाद जब मिट्टी में नमी होती है , तो मिट्टी धीरे टूट जाती है और पानी का बहाव खेतों की ओर हो जाता है। विभाग की मानें तो नहर की दीवारों में चूहे व सेही बिल बना लेते हैं। इस कारण पानी इ. बलों में से होकर रिस जाता है।ये मामले आए सामनेकेस नंबर 1– 20 नवंबर को पीहुरा नगला मनी माइनर पर लगी पुलिया पर कूड़ा इकट्ठा होने के कारण पानी ओवरफ्लो होने से इस माइनर की पटरी कट गई थी। किसानों की 60 बीघा आलू एवं गेहूं की फसल नष्ट हो गई थी। किसानों में लायक सिंह नेताजी का 12 बीघा का आलू, योगेंद्र सिंह के पांच बीघा आलू और तीन बीघा गेहूं इसी प्रकार रविंद्र सिंह के छह बीघा आलू बनवारी के छह बीघा आलू और अन्य किसानों के आलू और गेहूं के खेत शामिल हैं।केस नंबर 2– 21 नवंबर को शाहबाजपुर माइनर के अंतिम सिरे पर बनी दो नालियों में एक नाली की सफाई होने के कारण दूसरी नाली में पानी ओवरफ्लो हो गया था जिससे करीब 30 बीघा फसल आलू व गेंहू की नष्ट हो गई थी। किसानों का आरोप था कि माइनर में बनी नालियों की सफाई न होने के कारण यह फसल बर्बाद हुई है।केस नंबर 3– 5 दिसंबर को गांव लाखनू में नहर की पटरी कटने से करीब 90 बीघा आलू व सरसों की फसल में पानी भर गया। किसानों का कहना था कि अचानक नहर में तेज पानी आने के वजह से पटरी कट गई और पानी तेज बहाव के साथ खेतों में पहुंच गया।केस नंबर 4 –17 दिसंबर को मुरसान क्षेत्र के गांव उदयभान के निकट रजवाहा की पटरी कटने से करीब 50 बीघा गेहूं व 50 बीघा आलू की फसल पूरी तरह से बर्बाद हो गई है। किसानों का कहना था कि पानी छोड़ने से पहले ही पहले पटरी को संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों के द्वारा चेक नहीं किया गया था। कई जगहों पर पटरी कमजोर पड़ी हुई थी। जिसके कारण उनके खेत पर रजवाहा की पटरी कट गई।केस नंबर 5– 20 नवंबर को गांव चिंतापुर पर नहर की पटरी कटने से करीब 300 बीघा गेहूं, सरसों, धान की फसल जलमग्न हो गई। बमुश्किल नहर की पटरी को मिट्रटी के कट्टे व अन्य सामान लगाकर सही करने का कार्य किया गया।बलजीत सिंह, एक्सईन, सिंचाई विभाग का कहना हाथरस। बलजीत सिंह, एक्सईन, सिंचाई विभाग सिंचाई विभाग का कहना है यहनहर व माइनरों में कुलावे लगाए जाते हैं, इसकी वजह से चूहे व सेही भी बिल बना लेते हैं। जब तेजी से पानी आता है तो माइनर व नहरों के कटने की संभावना बनी रहती है। इस वर्ष में करीब 20 किसानों ने अवैध कुलावे काटने के मामले में मुक. दमा दर्ज हुए हैं।–

## हाथरस में एक दुखद घटना में रोडवेज बस कंडक्टर की नाले में गिरने से मौत हो गई

हाथरस में एक दुखद घटना में रोडवेज बस कंडक्टर की नाले में गिरने से मौत हो गई। मृतक की पहचान मोहल्ला नाई का नगला निवासी 48 वर्षीय रामकुमार वर्मा के रूप में हुई, जो हाथरस डिपो में कार्यरत थे। घटना उस समय हुई जब रामकुमार वर्मा रोडवेज बस स्टैंड के पास से गुजर रहे थे। स्थानीय लोगों ने उन्हें नाले में पड़ा देखा और तुरंत बचाव कार्य शुरू किया। उन्हें नाले से बाहर निकालकर



तत्काल जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही रोडवेज के अन्य कर्मचारी और अधिकारी भी अस्पताल पहुंच गए।परिवार के लोगों में मचा कोहराम मृतक के परिजनों को जैसे ही इस दुर्घटना की जानकारी मिली, उनमें कोहराम मच गया। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृत्यु के सटीक कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट से चलेगा। उनके सहकर्मियों ने बताया कि वे एक कर्तव्यनिष्ठ कर्मच. ारी थे और पिछले कई वर्षों से हाथरस डिपो में सेवाएं दे रहे थे।

# तीन दिन में निस्तारित किए जाएंगे आवेदन पत्र

एटा। सीएम युवा उद्यमी अभियान संबंधी बैठक शनिवार को विकास भवन सभागार में हुई। सीडीओ ने बैंक अधिकारियों को निर्देश दिए कि तीन कार्यदिवस में आवेदन पत्रें का निस्तारण करें।सीडीओ डॉ. नागेंद्र नारायण मिश्र ने कहा कि सीएम युवा उद्यमी विकास अभियान प्रदेश सरकार की एक महत्वपूर्ण योजना है। सूक्ष्म स्तर पर 5 लाख रुपये के ऋण के माध्यम से इकाइयां स्थापित कराई जाएंगी। इसमें आवेदक की ब्याज भी सरकार के द्वारा दी जाएगी। 10 प्रतिशत सब्सिडी भी सरकार द्वारा आवेदक को प्रदान की जाएगी। यह योजना युवाओं के उद्योग को स्थापित करने के लिए मील का पत्थर साबित होगी। उपयुक्त उद्योग प्रेमकांत, सहायक आयुक्त बांकेलाल व अनिल शर्मा, लीड बैंक प्रबंधक प्रीतम सिंह सहित अन्य बैंकों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## प्रयोगात्मक परीक्षाओं की होगी सचल दल से निगरानी

एटा। जिले में दूसरे चरण की फरवरी माह से होने वाली इंटरमीडिएट की प्रयोगात्मक परीक्षाओं को पारदर्शी बनाया गया है। माध्यमिक शिक्षा परिषद के निर्देश है कि इस बार सचल दल का गठन किया जाएगा। साथ ही सेक्टर मजिस्ट्रेट भी तैनात किए जाएं।यूपी बोर्ड की इंटरमीडिएट की प्रयोगात्मक परीक्षाएं 1 से 8 फरवरी तक होगी। परीक्षा की निगरानी के लिए हर बार सेक्टर मजिस्ट्रेट तैनात किए जाते रहे हैं। इस बार सचल दलों की भी तैनाती की जाएगी। मजिस्ट्रेट विद्यालयों का निरीक्षण कर बोर्ड को रिपोर्ट भेजेंगे। सचल दल भी परीक्षाओं को पारदर्शी बनाए रखने के लिए निरीक्षण करेगा।माध्यमिक शिक्षा परिषद ने राघवेंद्र को प्रयोगशाला, आवश्यक उपकरण और सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा विद्यालयों में सीसीटीवी कैमरों की भी रिपोर्ट मांगी गई है। सीसीटीवी कैमरों से लैस केंद्रों पर ही प्रयोगात्मक परीक्षाएं संपन्न कराई जाएंगी। डीआईओएस डॉ. इंद्रजीत ने बताया कि शिक्षा परिषद से जो निर्देश आए हैं उनके अनुरूप परीक्षा को संपन्न कराया जाएगा।

## कासगंज मम्मी–पापा मुझे माफ करना... मैं एक अच्छा बेटा नही बन पाया, सुसाइड नोट हो रहा वायरल

उत्तर प्रदेश के कासगंज से एक दिल दहलाने वाला वीडियो सामने आया है। इस वीडियो में एक स्कूटी नजर आ रही है, जिसमें लड़कियां बैठी हुई हैं। स्कूटी सड़क किनारे खड़ी है। इसी बीच पीछे से एक ट्रैक्टर आता है और स्कूटी को टक्कर मारते हुए सड़क से नीचे चला जाता है। स्कूटी सहित उसमें सवार लड़कियां ट्रैक्टर की चपेट में आ जाती हैं। आस–पास मौजूद लोग भागकर घटनास्थल पर पहुंचते हैं और लड़कियों को उठाते हैं।ट्रैक्टर का ड्राइवर भी भागकर आता है और घायल लड़कियों को उठाता है। हालांकि, यह हादसा इतना गंभीर था कि तुरंत मदद मिलने पर भी एक लड़की की जान नहीं बचाई जा सकी। हालांकि, दो अन्य लड़कियां ठीक हैं। एक लड़की को गंभीर चोट आई है, जिसका इलाज चल रहा है।म. थुरा–बरेली हाइवे का वीडियोइस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। यह वीडियो मथुरा–बरेली हाइवे पर अपनी स्कूटी पर सवार होकर जा रही तीन छात्राओं को तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्राली ने टक्कर मार दी। इस हादसे में स्कूटी सवार छात्राएं गम्भीर रूप से घायल हो गई, जिन्हें घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने उपचार के लिए कासगंज जिला अस्पताल में भर्ती कराया। यहां एक छात्रा को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।टैक्टर ड्राइवर फरारआपको बता दें पूरा मामला दो दिन पूर्व गुरुवार का सदर कोतवाली क्षेत्र के मथुरा–बरेली हाइवे गोरहा स्थित कमला हॉस्पिटल के बाहर का है, जहां अपनी स्कूटी पर सवार होकर तीन छात्राएं शिवानी, छाया और एक अन्य सोरों के खेल स्टेडियम में हो रहे टूर्नामेंट में हिस्सा लेने जा रही थीं तभी यह रोड़ पर यह हादसा हुआ। इसमें 20 वर्षीय छात्रा शिवानी की मौत हो गई और 18 वर्षीय छात्रा छाया घायल हो गई और दूसरी छात्रा भी घायल हो गई जिनका इलाज जिला अस्पताल में करवाया गया। इस हादसे के बाद ट्रैक्टर ट्राली चालक मौके से फरार हो गया, जिसकी पुलिस तलाश कर रही है। वही इस घटना का सीसीटीवी फुटेज सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

## कासगंज में नदरई गेट पुलिस चौकी के ठीक सामने एक युवक को कुछ लोगों द्वारा बेरहमी से पीटने का मामला सामने आया

कासगंज में नदरई गेट पुलिस चौकी के ठीक सामने एक युवक को कुछ लोगों द्वारा बेरहमी से पीटने का मामला सामने आया है। सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो में दिख रहा है कि कुछ लोग एक युवक को लातों से पीट रहे हैं और जमीन पर घसीटते हुए ले जा रहे हैघटना बीती रात की है, जब पुलिस चौकी के सामने ही करीब आधे घंटे तक युवक की पिटाई होती रही।
राहगीरों ने मारपीट रोकने की कोशिश की और चिल्लाकर कहा कि श्वह मर जाएगा, मत मारोश, लेकिन आरोपियों ने उनसे भी अभद्रता की। सबसे चिंताजनक बात यह है कि इस पूरी घटना के दौरान पुलिस चौकी का समूचा स्टाफ गायब रहा।पुलिस चौकी के सामने घटनापीड़ित युवक की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। यह घटना पुलिस की लापरवाही को उजागर करती है और स्पष्ट करती है कि क्षेत्र में कानून व्यवस्था की स्थिति कितनी खराब है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस तरह की बर्बरता किसी के साथ नहीं की जानी चाहिए, वह भी पुलिस चौकी के सामने।घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसे देखकर हर कोई स्तब्ध है। मामले में अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। स्थानीय नागरिकों ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए हैं और न्याय की मांग की है।पीड़ित युवकयुवक के साथ हुई बर्बरतावायरल वीडियो जिले के कोतवाली कासगंज क्षेत्र के नदरई गेट पुलिस चौकी के सामने का है। जंहा वायरल वीडियों में कुछ लोग एक व्यक्ति को लातों से मार रहे है। और जमीन पर घसीट कर ले जा रहे है। लेकिन सबसे बड़ी बात ये रही की ये सब पुलिस चौकी के सामने होता रहा। लेकिन उस समय पुलिस कहा थी। चौकी इंचार्ज कहा थे। जब कोई पुलिस चौकी के सामने इतनी बर्बरता कर सकता है। तो अन्य जगह किस घटना को अंजाम दे सकता है। ये अपने आप में बड़ा सवाल है पुलिस चौकी की पर तेनात स्टॉफ की लापरवाही साफ उजागर होती है

## बढ़ी सर्दी गिरा पारा तो बच्चे व बुजुर्ग हो रहे बीमार



कसगंज/संवावदाता अमितउ कुमार में अगर डाक्टरों की माने तो ,छोटे बच्चों को जरा भी दिक्कत हो तुरन्त उसका इलाज कराए लापरवाही ना करें वरना , लापरवाही पड़ सकती हैं महंगी जल्दी उपचार न मिलने पर फेफड़ों में संक्रमण होने लगता है। समय पर इलाज ना मिलने पर समस्या गंभीर हो सकती हैं ठंड के मौसम में बच्चों में निमोनिया का खतरा बढ़ सकता है अस्पताल में बीमारियों की चपेट में आने वाले बच्चों में दस प्रतिशत निमोनिया से पीड़ित निकल रहे हैं।कसगंज में पड़ रही कड़ाके की ठंड ,का असर बच्चों की सेहत पर देखा जा रहा है। 12 साल से कम आयु के बच्चों पर मौसम का सबसे अधिक असर देखा जा रहा है। इस आयु वर्ग के 150 तक बच्चे सर्दी, खांसी, जुकाम, बुखार की चपेट में आकर जिला अस्पताल पहुंच रहेइनमें से 15 से 20 तक बच्चों में निमोनिया निकल रहा है। 70 से 75 बच्चों को सांस लेने में दिक्कत तक की समस्या आ रही है। दो से तीन बच्चों को भर्ती तक करना पड़ रहा है। बाल रोग विशेषज्ञ दिनेश बाबू ने बताया कि निमोनिया में सांस की समस्या होने लगती है15 से 20 बच्चों में निमोनिया मिल रहा है। सीएमएस डॉ. संजीव सक्सेना ने बताया कि ठंड के मौसम में बच्चों में निमोनिया के मामले सामने आ रहे हैं। अस्पताल में बच्चों के इलाज के लिए पर्याप्त इंतजाम हैं।

## शॉल ओढ़कर डीएम ऑफिस पहुंची बुजुर्ग महिला, कागज देख चौंक गए अफसर, सरपंच निकला यमराज

एटाः उत्तर प्रदेश के एटा हैरान करने वाली खबर सामने आई. यहां पंचायत दफ्तर में हुई एक गलती से बुजुर्ग महिला परेशान हो गई. वह अपने बेटे के साथ एटा कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंची. जब महिला की डीएम से मुलाकात हुई और उनके कागजात चेक किए गए तो अफसर चौंक गए. उंगन्होंने तुरंत आदेश दिया कि इनमें सुधार किया जाए. दोषी सरपंच और सचिव के खिलाफ कार्रवाई की जाए. महिला ने शिकायत की थी कि उन्हें वृद्धावस्था पेंशन मिलनी बंद हो गई. मामले में संज्ञान लेते हुए जल्द ही समस्या का समाधान करने का निर्देश किया गया.मामला एटा जिले के शीतलपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत मिलावली का है. जहां ग्राम प्रधान और सचिव का गजब कारनामा सामने आया. जीवित महिला को कागजों में मृतक घोषित कर दिया. समाज कल्याण विभाग की मांगी गई जांच में वृद्धा को मृत घोषित किया गया. जब महिला को पेंशन का लाभ मिलना बंद हो गया, तो वह परेशान हो गई. इसके बाद जिन्दा महिला अपने बेटे के साथ शिकायत लेकर डीएम ऑफिस जा पहुंचीं. उनकी समस्या का समाधान करने का निर्देश दिया गया.

## कासगंज के नौगवां में एक किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया



कासगंज के नौगवां में एक किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें शिव शक्ति एग्रीटेक लिमिटेड कंपनी के कर्मचारी रजनीश कुमार कृषि अधिकारी ने किसानों को जैविक खेती करने की सलाह दी कंपनी के उत्पाद सी एम एस सूक्ष्म पोषक तत्व डालने की सलाह दी जो की भूमि द्वितीय व सूक्ष्म पोषक तत्व की कमी होती जा रही है भूमि अम्लीय एवं क्षारीय होती जा रही है इसलिए कृषि अधिकारी रामनिश कुमार जी ने बताया की मृदा में कमपोस्ट डालने की सलाह दी प्रतिदिन कार्बनिक मात्रा कम होती जा रही है तथा लाभदायक जीवाणु की संख्या प्रतिदिन घटती जा रही है अधिक रसायनों का प्रयोग करने सेभूमि की उर्वरक क्षमता घटती जा रही है इसके बाद किसानों को जहर मुक्त खेती करने की सलाह दी जिसमें उपस्थित किशनगढ़ रोहताश कुमार प्रधान रवि कुमार राजेश कुमार महेश चंद रामस्वरूप भगवानदास इत्यादि लोग मौजूद रहे।

## कासगंज में पुलिस ने अवैध जुआ और सट्टे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई





कासगंज में पुलिस ने अवैध जुआ और सट्टे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। एसपी अंकिता शर्मा के निर्देश पर चलाए गए विशेष अभियान में पुलिस ने अलग–अलग स्थानों से 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।थाना गंजडुण्डवारा पुलिस ने 3, थाना पटियाली पुलिस ने 3 और थाना सिढ़पुरा पुलिस ने 2 आरोपियों को धर दबोचा। आरोपियों के पास से 22,275 रुपए की नकदी के साथ सट्टे की पर्चियां और ताश की गड्डी बरामद की गई है।गिरफ्तार आरोपियों में राम भवन, अविकान्त, चंद्रपाल, प्रमोद, अमित, उमेश, मूलचंद और डोरीलाल शामिल हैं। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ धारा 13 जी एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज कर ली है। जिले में अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस की कार्रवाई जारी है।

पीड़ित ध्यान दें
यदि आप भ्रष्टाचार, भेदभाव, अन्याय, शोषण
और उत्पीड़न का शिकार हैं
यदि आपकी कहीं कोई सुनवाई नहीं हो रही
है।
यदि आपके आसपास किसी भी प्रकार की कोई
जन सामाजिक समस्या या कोई अपराध हो
रहा है तो सम्पादक 'जननायक सम्राट' को पूरे
विवरण के साथ पत्र लिखकर इसकी जानकारी
दें या मिलें।
इसे 'जननायक सम्राट' को प्रकाशित कर
राष्ट्रीय स्तर पर उजागर किया जाएगा। पत्र
भेजने वाले का पूरा नाम एवं पता देने
आवश्यक है। इसे पूर्णतः गोपनीय रखा
जायेगा।
मो. 8218049162
email: jannayaksamrataligarh@gmail.com
jnsnews24aligarh@gmail.com


आवश्यकता है
हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र जननायक सम्राट के लिए जिला व्यूरो चीफमंडल व्यूरो चीफ ब्लाक ,ब्यूरो संवाददाता की आवश्यकता है।
सम्पर्क करें -
अमित कुमार वर्मा -सम्पादक
मो:-8218049162,8273402499

जननायक सम्राट
हिन्दी साप्ताहिक
मालिक,मुद्रक, प्रकाशक आरती वर्मा द्वारा आशु प्रिंटिंगप्रेस,अचलताल अलीगढ़ से मुद्रितकराकर . कार्यालय सरोज नगर गली नम्बर 5,अलीगढ़ से प्रकाशित
सम्पादक-अमित कुमार वर्मा
सभी विवाद का न्याय क्षेत्र जनपद अलीगढ़ न्यायलय ही होगा


# मेष, वृष, मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या राशि का पढ़ें नए वीक का साप्ताहिक राशिफल



मेष राशि वालों के लिए नया सुप्ताह नए अवसर लेकर आएगा. इस वीक मेष राशि वालों को शुभ परिणाम या मनचाही सफलता मिलना शुरू हो जाएगी. शादीशुदा लाइफ में खुशियां आएगी. बिजनेस करते हैं तो काम धंधा आगे बढ़ता हुआ नजर आएगा. किसी काम के लिए आपको इस वीक सम्मानित किया जाएगा.




वृषभ राशि वालों के लिए नया सप्ताह गुड लक लेकर आएगा. इस सप्ताह वृष राशि वालों के अंदर गजब की ऊर्जा और उत्साह देखने को मिलेगा. फैमली के हित के लिए निर्णय आपको सफलता प्रदान करेंगे. भावनाओं में आकर कोई फैसला ना लें. अपनी दिनचर्या और खानपान का ख्याल रखें.




मिथुन राशि वालों को इस वीक अपनी वाणी पर नियंत्रण रखना होगा. किसी जरुरी काम में उतार–चढ़ाव देखने को मिल सकता है. अपने टारगेट पर फोकस करने का प्रयास करें. किसी भी काम के प्रति नक. ारात्मक विचार ना रखें. लव रिलेशन में दिखावा करने से बचें.




कर्क राशि वालों के लिए नया वीक गुड लक लेकर आएगा. इस वीक करियर में प्रगति और मनचाहा लाभ होगा. आप कोई वाहन इस वीक खरीद सकते हैं. बच्चों से जुड़ी किसी समस्या का समाधान निकल सकता है. लाइफ पार्टनर के साथ सुखद पल बिता सकते हैं. सिंगल हैं तो लाइफ में किसी की एंट्री हो सकती है.




सिंह राशि वाले इस वीक अपनी हेल्थ और रिलेशन का अच्छे से ख्याल रखें. आपका इस सप्ताह किसी के साथ मन–मुटाव हो सकता है. अपने खान–पान और दिनचर्या को सही रखें. लव लाइफ मको बेहतर बनाने के लिए अपने पार्टनर की भावनाओं की कद्र करें. बिजनेस में उतार–चढ़ाव का सामना करना पड़ सकता है.




कन्या राशि वाले इस वीक किसी काम को अधूरे मन से ना करें. किसी भी नियम कानून को तोड़ने से बचें. पैसों का प्रयोग सही से करें. फिजूल खर्चों से अपने आप को दूर रखें. लव पार्टनर के प्रति लॉयल रहें. किसी भी प्रकार की कलह से दूर रहें, अन्यथा रिश्ते खराब हो सकते हैं.


## मौनी अमावस्या के दिन करें ये अचूक उपाय, पितृदोष से मिल जाएगी मुक्ति, खत्म हो जाएंगे सभी पाप!

धार्मिक ग्रंथो के अनुसार मौनी अमावस्या पर कुछ खास मंत्रों का जाप करने से सभी पापों का नाश हो जाता है और जीवन में सुख समृद्धि, खुशहाली का आगमन होता है. मौनी अमावस्या का आगमन माघ मास में होता हैहिंदू धर्म में आने वाले सभी त्योहारों का अपना महत्व है. हिंदू कैलेंडर में कुल 12 मास (महीने) आते हैं, जिसमें 12 अमावस्याओं का आगमन होता है. हिंदू धर्म में मौनी अमावस्या का सभी अमावस्या में विशेष महत्व होता है. धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इस दिन पितर धरती लोक पर आते हैं और अपने वंशजों के आसपास ही रहते हैं. मौनी अमावस्या के दिन पितर प्रसन्न होकर अपने वंशजों को आशीर्वाद प्रदान करते हैं. इस दिन अपने पितरों के लिए धार्मिक अनुष्ठान करने का विशेष महत्व होता है. धार्मिक ग्रंथो के अनुसार मौनी अमावस्या पर कुछ खास मंत्रों का जाप करने से सभी पापों का नाश हो जाता है और जीवन में सुख समृद्धि, खुशहाली का आगमन होता है. मौनी अमावस्या का आगमन माघ मास में होता है. साल 2025 में मौनी अमावस्या का आगमन 29 जनवरी को होगा.मौनी अमावस्या के बारे में ज्यादा जानकारी




लोकल 18 को देते हुए पंडित श्रीधर शास्त्री बताते हैं कि सभी अमावस्या में मौनी अमावस्या का सबसे अधिक महत्व होता है. इस दिन साधक मौन रहकर व्रत आदि करते हैं. मौन रहकर व्रत करने से आत्म विकास, आत्म शांति, मानसिक विकास और मन को शांति मिलने की धार्मिक मान्यता है. मौनी अमावस्या के दिन पितरों के निमित्त धार्मिक अनुष्ठान, धार्मिक कर्मकांड, तर्पण, पिंडदान आदि करने से पितृ दोष से मुक्ति होती है और पितृ प्रसन्न होकर वंशजों को सुख समृद्धि, खुशहाली, धन संपत्ति आदि का आशीर्वाद प्रदान करते हैं. मौनी अमावस्या पर पितरों के निमित्त कर्मकांड, तर्पण आदि करने से पितृ दोष खत्म हो जाता है, तो वहीं पितर वंशजों से प्रसन्न होकर अपने लोक लौट जाते हैं.पंडित श्रीधर शास्त्री बताते हैं कि मौनी अमावस्या के दिन ब्रह्म मुहूर्त में उठकर स्नान आदि करके पवित्र हृदय से सूर्य देव, भगवान विष्णु और भगवान शिव के मंत्रो का जाप करने से सभी जन्मों के पाप खत्म हो जाते हैं और साधक को मोक्ष की प्राप्ति होती है. जो जातक पितृ दोष, ग्रह कलेश, आर्थिक तंगी, आर्थिक समस्याओं, दुख, परेशानी से पीड़ित होते हैं उनके लिए मौनी अमावस्या का दिन बेहद ही खास होता है. मौनी अमावस्या के दिन जितने तिलों का दान किया जाता है उतने ही उनके पाप नष्ट हो जाते हैं. वहीं घर में सुख समृद्धि और सकारात्मक ऊर्जा का वास होता है. संबंधित खबरेंरीढ़ की हड्डी में था ट्यूमर.. फिर भी आस्था ने की दिन–रात मेहनत, बन गईं प्रोफेसर रीढ़ की हड्डी में था ट्यूमर..फिर भी आस्था ने की दिन–रात मेहनत, बन गईं प्रोफेसरमौनी अमावस्या पर अयोध्या में टूटेगा रिकॉर्ड, राम मंदिर ट्रस्ट ने शुरू की तैयारमौनी अमावस्या पर अयोध्या में टूटेगा रिकॉर्ड, राम मंदिर ट्रस्ट ने शुरू की तैयारकंगना की एक्टिंग धमाल पर इमरजेंसी नॉट सो कमाल, भोपालियों ने क्यों कहा ऐसा?कंगनाकी एक्टिंग धमाल पर इमरजेंसी नॉट सो कमाल, भोपालियों ने क्यों कहा ऐसा?बाड़मेर में द मॉडर्न स्कूल में प्लांट एंड फ्लावर शो का हुआ आयोजनबाड़मेर में द मॉडर्न स्कूल में प्लांट एंड फ्लावर शो का हुआ आयोजनछवजमरू मौनी अमावस्या पर पितरों का संपूर्ण आशीर्वाद लेने के बारे में ज्यादा जानकारी करने के लिए आप हरिद्वार के विद्वान ज्योतिषी पंडित श्रीधर शास्त्री से उनके फोन नंबर 9557125411 और 9997509443 पर संपर्क कर सकते हैं.

## कब है महाशिवरात्रि? इस विधि से करें पूरी रात पूजा, महादेव होंगे प्रसन्न, भर देंगे झोली



फाल्गुन मास की शिवरात्रि को महाशिवरात्रि कहा जाता है. मान्यता है कि महाशिव. रात्रि पर महादेव की माता पार्वती से शादी होती है. इस रात पूजा का भी अलग विधान है.शिव भक्तों को महाशिवरात्रि का बेसब्री से इंतजार रहता है. माना जाता है कि इस दिन व्रत रखकर विधि–विधान के साथ भगवान भोलेनाथ की पूजा करने से जीवन के सभी कष्ट समाप्त हो जाते हैं और मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं. इस साल महाशिवरात्रि की तिथि को लेकर असमंजस की स्थिति बनी है. देवघर के ज्योतिषाचार्य से जानते हैं कि इस बार महाशिवरात्रि कब है और क्या खास है?देवघर के पागल बाबा आश्रम स्थित मुद्गल ज्योतिष केंद्र के प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य पंडित नंदकिशोर मुद्गल ने लोकल 18 को बताया कि हर महीने की चतुर्दशी तिथि को शिवरात्रि का व्रत रखा जाता है, लेकिन फाल्गुन महीने की कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को महाशिवरात्रि का व्रत रखा जाता है. शिव पुराण के अनुसार इसी दिन माता पार्वती और भगवान शिव का विवाह संपन्न हुआ था. 2025 में 26 फरवरी को महा. शिवरात्रि का व्रत रखा जाएगा.कब शुरू होगी चतुर्दशी तिथिज्योतिषाचार्य बताते हैं कि हर साल फाल्गुन महीने के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को महाशिवरात्रि मनाई जाती है. इस साल चतुर्दशी तिथि की शुरुआत 26 फरवरी सुबह 9 बजकर 19 मिनट से हो रही है और समापन अगले दिन 27 फरवरी दिन गुरुवार सुबह 8 बजकर 9 मिनट पर होगा. क्योंकि, महाशिवरात्रि पर भगवान शिव की पूजा रात्रि में की जाती है, इसलिए 26 फरवरी को ही महाशिवरात्रि मनाई जाएगी.

## भक्ति का जज्बा ऐसा कि सब देखते रह जाएं, 92 साल की दादी अम्मा घर में बिना बताए पहुंचीं महाकुंभ, 1945 से आ रहीं कुंभ



13 जनवरी से प्रयागराज में महाकुंभ की शुरुआत हो चुकी है, जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु जन पहुंच रहे हैं. वहीं, इस महाकुंभ में एक 92 साल की बुजुर्ग महिला भी पहुंची हैं, जो इन दिनों आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैंआस्था और विश्वास की शक्ति इतनी गहरी होती है कि उम्र और शारीरिक स्थिति केवल संख्याएं बन कर रह जाती हैं. एक व्यक्ति जब ठान लेता है कि उसे कोई काम करना है, तो उसे किसी भी चुना. ैती से डर नहीं लगता. धनबाद की 92 वर्षीय तारा देवी इसका बेहतरीन उदाहरण हैं. उनके हौसले और आस्था ने यह साबित कर दिया कि जब आत्मविश्वास मजबूत हो, तो किसी भी यात्रा को पूरा किया जा सकता है.92 साल की वृद्धा की आस्था का प्रदर्शन तारा देवी ने महाकुंभ के शाही स्नान में शामिल होने के लिए अपनी यात्रा अकेले ही शुरू की. बिना किसी से बताए उन्होंने रात के अंधेरे में घर छोड़ा, ट्रेन पकड़ी और प्रयागराज पहुंच गईं. यहां तक कि उन्होंने फोन भी साथ नहीं लिया, क्योंकि उनकी आस्था और विश्वास उन्हें अपने उद्देश्य तक पहुंचाने के लिए पर्याप्त थे. यह कोई साधारण यात्रा नहीं थी. यह एक 92 साल की वृद्धा की आस्था का प्रदर्शन था. आज ये पूरे समाज के लिए प्रेरणा स्रोत बन गई हैं.

## 24 घंटे में सिर्फ 390 ग्राम भोजन...प्रेमानंद महाराज ने बताए ताकत और दिमाग को 10 गुणा बढ़ाने के 6 उपाय

वृंदावन वाले प्रेमानंद महाराज जी ने कुछ ऐसे ही सरल उपाय (त्मी) बताए हैं। उन्हा. ेंने बताया है कि आप क्या खाते हैं, कब खाते हैं और कितना खाते हैं, यह चीजें शरीर की ताकत को प्रभावित करती हैं। नीचे दिए गए सुझाव आपकी शारीरिक और मानसिक शक्ति को बढ़ाने में मदद कर सकते हैं।शरीर को स्वस्थ और ताकतवर बनाने के लिए एक घंटे में केवल 39 ग्राम भोजन करना चाहिए इस हिसाब से 24 घंटे में केवल 390 ग्राम अन्न का ही सेवन किया जाना चाहिए। इतने खाने से शरीर को पोषण मिल जाता है, ज्यादा खाने से आंतों पर बोझ पड़ता है और शरीर को कम. जोर करता है और उम्र कम करता है। हालांकि साथ में आपको थोड़ा दूध और थोड़ा पानी लेना चाहिए। ताकत और लंबी उम्र के लिए हमेशा सात्विक आहार ही लेना चाहिए। तामसिक आहार शरीर को नष्ट कर देता है। आपको रसीला, हल्का और मधुर भोजन करना चाहिए। इसमें आप गेहूं, दाल, चावल, जों, मूंग दाल, अरहर दाल, चना, दूध, कम मात्रा में घी, चीनी, सेंधा नमक, सीजनल फ्रूट्स आदि शामिल हैं। ज्यादा गर्म चीजें खानेपीने से बचें। ज्यादा लाल मिर्च, तेल, ज्यादा नमकीन और ज्यादा मीठा खाने से बचें।आपको भोजन के तुरंत बाद स्नान नहीं करना चाहिए। अगर कभी जरूरत पड़े तो सिर्फ पेट का निचला हिस्सा ही धोना चाहिए। भोजन के बाद आपको पूरे शरीर पर पानी डालने से बचना चाहिए। खाने के बाद शरीर गर्म होता है और ऐसे में ठंडा पानी डालने से शरीर का संतुलन बिगड़ सकता है।कभी भी बहुत ज्यादा गर्म पानी से नहाना से बचना चाहिए। नहाने के बाद आपको अपने शरीर को सूखे कपड़े से रगड़कर पोंछना चाहिए। नहाते समय साबुन का इस्तेमाल जरूरी नहीं। कपड़े से पोंछने से अभी आपका शरीर अच्छी तरह साफ हो जाता है। गीजर का गर्म पानी सेहत के लिए खतरनाक है। अगर बहुत ठंड है और नहाना जरूरी है, तो पानी को गुनगुना कर लें। याद रहे कि गर्म भोजन और गर्म पानी से स्नान दोनों ही शरीर को कमजोर कर सकते हैं। गुरु जी ने बताया कि प्रकृति का सीधा भार झेलने से ही शरीर की ताकत बढ़ती है।

## पदभार ग्रहण करने से पहले नवागत डीएम पहुंचे बांके. बिहारी की शरण में, बताया क्या रहेंगी प्राथमिकताएं

वृंदावन में नवागत जिलाधिकारी चंद्रप्रकाश सिंह शनिवार को पदभार ग्रहण करने से पहले ठाकुर बांके. बिहारी मंदिर पहुंचे। यहां उन्होंने ठाकुर श्रीबांकेबिहारी की विधिविधान से पूजा अर्चना कर दर्शन किए। सेवायत गोस्वामियों ने उन्हें ठाकुरजी का प्रसादी पटुका, माला और प्रसाद भेंट किया।डीएम शैलेंद्र कुमार सिंह को आगरा मंडल का कमिश्नर बनाया गया है। इनके स्थान पर चंद्रप्रकाश सिंह को मथुरा का डीएम बनाया गया है। नवागत डीएम ने शनिवार को पदभार ग्रहण कर लिया। वह मथुरा में एमवीडीए में उपाध्यक्ष रह चुके हैं। उन्होंने कहा कि यह उनका सौभाग्य है कि भगवान कृष्ण की लीला स्थली में उन्हें सेवाकार्य करने का दोबारा अवसर प्राप्त हुआ है। यहां आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के अनुसार विकास और स्वच्छता को लेकर कार्य किया जाएगा।

